# बिहार सरकार
# पथ निर्माण विभाग

प्र०–10 / प्राक०–02–314 / 2025 पटना, दिनांक :

नौपचारिक
प से
रामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,

पटना।

द्वारा : वित्त विभाग।

विषयः– पथ प्रमंडल मुंगेर अंतर्गत लखनपुर पानी टंकी से सरौन, मकवा, नवटोलिया, मुजफ्फरगंज होते हुए भोमासी पुल (हवेली खड़गपुर पथ) तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण (Electric Utility Shifting कार्य सहित) कार्य हेतु कुल 5801.53 लाख (अनठावन करोड़ एक लाख तिरपन हजार) मात्र रूपये की अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः– पथ प्रमंडल मुंगेर अंतर्गत लखनपुर पानी टंकी से सरौन, मकवा, नवटोलिया, मुजफ्फरगंज होते हुए भोमासी पुल (हवेली खड़गपुर पथ) तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण (Electric Utility Shifting कार्य सहित) कार्य हेतु कुल 5801.53 लाख (अनठावन करोड़ एक लाख तिरपन हजार) मात्र रूपये की अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ / पथांश में संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLP के बाद ही कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। पथ यदि OPRMC में संधारित किया जा रहा हो तो कार्य कराने के पूर्व OPRMC से विलोपित करना आवश्यक होगा।

3. विषयगत कार्य का वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0102 वृह्द सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054033370102 एवं बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–0101 वृह्द सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054037890101 अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मुंगेर द्वारा कराया जायेगा, जिस हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मुंगेर निकासी एवं व्ययनन पदाधिकारी होंगे, जिनके द्वारा राशि की निकासी कोषागार, मुंगेर से की जायगी।

5. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धरित किया जाता है :–

| वर्ष | बजट व्यय शीर्ष | | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में) | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| | विपत्र कोड 41-5054033370102 | विपत्र कोड 41-5054037890101 | | |
| 2025–26 | 3248.00 | 812.00 | 4060.00 | लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण करना। |
| 2026–27 | 1392.00 | 349.00 | 1741.53 | सभी कार्य पूर्ण करना। |
| कुल | **4640.00** | **1161.00** | **5801.53** | |

6. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना एवं मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

7. इसकी सूचना मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मुंगेर/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी गई है।

8. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की सहमति प्राप्त है।

9. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888/वि0, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति संचिका के पृ0–11/टि0 पर दिनांक–03.10.2025 को प्राप्त है।

10. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–14/टि0 पर दिनांक–04/10/25 को प्राप्त है।

ह0/–

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**
पटना, दिनांक :

ज्ञाप सं०: प्र०–10/प्राक०–02–314/2025

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**
पटना, दिनांक :

ज्ञाप सं०: प्र०–10/प्राक०–02–314/2025

प्रतिलिपि : वित्त विभाग (आय व्ययक शाखा), पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर / जिला पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**
पटना, दिनांक :

ज्ञाप सं०: प्र०–10/प्राक०–02–314/2025

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/ अधीक्षण अभियंता, सेतु

निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पटना / अधीक्षण अभियंता, उच्च पथ योजना एवं अन्वेषण अंचल, पटना /अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित ।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर विषयगत कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मुंगेर इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना /मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगें।

ह0/–

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञाप सं०: प्र0–10 / प्राक०–02–314 / 2025 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :-माननीय विभागीय मंत्री, बिहार, पटना के आप्त सचिव/ अपर सचिव, पथ निर्माण विभाग/ आं0 वि0 स0, पथ निर्माण विभाग/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग /सरकार के संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग/ कार्यपालक अभियंता, योजना-1 एवं 2, पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)/कार्य प्रबंधन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/ प्रशाखा पदाधिकारी, आय-व्ययक प्रशाखा 9/प्रशाखा-10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना /मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञाप सं०: प्र0–10 / प्राक०–02–314 / 2025 8277 (S) पटना, दिनांक : 04/10/2025

प्रतिलिपि :-आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अशोक 04.10.25

**(राजीव रंजन पांडेय)**
**संयुक्त सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**